# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

क्रमांक-2

**मंगलवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 25, 1925)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदया (श्रीमती जमुना देवी) पीठासीन हुई.**

### 1. शपथ ग्रहण

7 सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

### 2. अध्यक्ष का निर्वाचन

(1) सुश्री उमा भारती, मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि -

"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."

श्री कैलाश विजयवर्गीय, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

(2) श्री बुन्देला विजय बहादुर सिंह, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि -

"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."

डॉ. सुनीलम्, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया ।

(3) श्री दिग्विजय सिंह, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि -

"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."

श्री हजारी लाल रघुवंशी, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया ।

(4) श्री बाबूलाल गौर, विधि और विधायी कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि -

"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."

डॉ. गौरी शंकर शेजवार, ऊर्जा मंत्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ

सामायिक अध्यक्ष महोदया ने श्री ईश्वरदास रोहाणी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया तथा उनके निर्वाचन पर आसीन होने के लिए आमंत्रित किया।

सभापति महोदय (डॉ. नरोत्तम मिश्रा) पीठासीन हुए.

श्री ईश्वरदास रोहाणी द्वारा अध्यक्ष का आसन ग्रहण किया गया।

सुश्री उमा भारती, मुख्यमंत्री, सदस्य श्रीमती जमुना देवी, सर्वश्री विजयबहादुर सिंह बुंदेला, रामलखन शर्मा ने अध्यक्ष को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए भाषण दिये।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने उनके प्रति व्यक्त उद्गार के लिए सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## 3. मुख्य प्रतिपक्षी दल की घोषणा

अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि विधानसभा के अन्दर प्रतिपक्ष दलों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है तथा गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्य संख्या से अधिक है, इसलिए मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को सदन का मुख्य प्रतिपक्ष दल और उसकी नेता श्रीमती जमुना देवी सदस्य विधानसभा को प्रतिपक्ष की नेता घोषित करता हूँ।

## 4. कार्य मंत्रणा समिति में नाम निर्देशन

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 203 के अधीन कार्य मंत्रणा समिति के लिए निम्नलिखित सदस्यों को वर्ष 2003-2004 की अवधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया :-

(1) सुश्री उमा भारती, मुख्यमंत्री
(2) श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष
(3) श्री बाबूलाल गौर, मंत्री
(4) डॉ. गौरीशंकर शेजवार, मंत्री
(5) श्री कैलाश चावला, मंत्री
(6) श्री राघव जी, मंत्री
(7) श्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री
(8) श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री
(9) श्री गोपाल भार्गव, मंत्री
(10) श्री जयंत मलैया
(11) श्री हजारीलाल रघुवंशी
(12) श्री अजय सिंह
(13) श्री बुंदेला विजय बहादुर सिंह

यह भी घोषित किया गया कि अध्यक्ष, विधानसभा समिति के सभापति होंगे.

## नेता प्रतिपक्ष का स्वागत

मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, सदस्य श्री बुन्देला विजय बहादुर सिंह तथा श्री रामलखन शर्मा ने श्रीमती जमुना देवी, सदस्य विधान सभा को नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई दी।

श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष ने इस पर सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधान सभा की कार्यवाही महामहिम राज्यपाल के आगमन की प्रतिक्षा हेतु11.05 बजे स्थगित होकर 12.17 बजे पुनः प्रारम्भ हुई।

अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.

## 5. राज्यपाल का अभिभाषण

राज्यपाल का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

राज्यपाल महोदय (श्री रामप्रकाश गुप्त) ने अभिभाषण दिया।

## 6. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि -

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधानसभा में इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं"

श्री प्रकाश सोनकर, सदस्य ने इसका समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 17 एवं 18 दिसम्बर, 2003 का समय नियत किया गया।

कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 को अपराह्न 4.00 बजे तक सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

12.50 बजे विधानसभा बुधवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 26, 1925) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा